



# मन की एकाग्रता बढ़ाने योग सबसे अच्छा उपाय

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पीएम के लाइव संबोधन को सुना, अष्टांग योग क्रियाओं को दोहराया, स्कूलों में हुए आयोजन

**जिला स्तरीय कार्यक्रम राजगढ़ में आयोजित, स्कूलों में विद्यार्थियों, नागरिकों ने लिया भाग**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 21 जून, का.** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय योग शिविर का आयोजन प्रोग्रेसिव हाइट्स, ब्यावरा में भव्य एवं प्रेरणादायी स्वरूप में किया गया. इस अवसर पर कलकत्ता से प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण सहभागियों ने उत्साह पूर्वक देखा. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, बद्रीलाल यादव पूर्व मंत्री म प्र, दिलवर यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा, अमित शर्मा, गोपाल बादशाह, श्रीमती रुचि बड़ोने पार्षद, रवि बडोने, गिरिराज लववंशी, राम भील एवं अन्य जन प्रतिनिधियो के साथ प्रशासन स्तर से गोविंद कुमार दुबे (एसडीएम), आनंद जायसवाल तहसीलदार, दिलीप शर्मा (बीईओ), जीके दुबे बीआरसीसी ब्यावरा तथा प्रोग्रेसिव हाइट्स ब्यावरा के संचालक योगेश अग्रवाल सहित कॉलेज ब्यावरा, प्रोग्रेसिव स्कूल ब्यावरा, सांदीपनी स्कूल ब्यावरा, कन्या उमावि तथा माडल एवं मानस उमावि स्कूल तथा ज्योति कॉन्वेंट ब्यावरा विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. योगाभ्यास का संचालन योग प्रशिक्षक ओम शर्मा, सुश्री सोना अवस्थी एवं श्रीमती संध्या सक्सेना द्वारा किया गया. कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती प्रेरणा कौशिक ने किया.

### स्वस्थ आयु के लिए योगाभ्यास

**जीरापुर 21 जून, सं.** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए रखी गई थी. विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि जीने की कला है. विधायक ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में 15-20 मिनट योग जरूर करें. कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. राम किरार, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पंवार, योग शिक्षा समिति उत्कृष्ट विद्यालय अध्यक्ष दिनेश जमींदार, उपाध्यक्ष मांगीलाल अहिरवार, सीएमओ देवनारायण दांगी, बीईओ रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेंद्र शर्मा, सीएम राइज स्कूल कैलाश शर्मा, कन्या शाला देवेंद्र शर्मा महामंत्री रमेशचन्द्र शर्मा, नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार, संचालन उत्कृष्ट स्काउट टीचर गोवर्धन लाल वर्मा ने किया तथा संतोष विश्वकर्मा, भगवान सिंह कारपेंटर ने योग क्रियाएं करवाईं. योग क्रिया में इंदर सिंह चौहान, दिनेश राजकुराढ़, रघुवीर कुशवाह, गोपाल किरार, हरीशंकर सुमन, रामप्रसाद कुम्भकार, कमल भावसार, रमेशचन्द्र मालवीय, मनीष कोशिक, कमल झावा, दिनेश शर्मा, पूर्व प्राचार्य हरिश गुप्ता शामिल हुए.

### संतोष मित्तल स्कूल में योग से सीखी एकाग्रता की कला

**पचोर 21 जून, सं.** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रोफेसर संतोष मित्तल हायर सेकेंडरी स्कूल, पचोर में सहज योग संस्था द्वारा विशेष योग प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के प्रति जागरूक करना था. इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेंद्र रीनावा और ओम तायल, विशेष अतिथि लता तायल, सहज योग संस्था के समन्वयक अशोक सक्सेना, श्रीमती रेणु विजयवर्गीय, विद्यालय संचालक गोपाल गोयल, विनोद राठी, सविता गोयल, मीना राठी, विद्यालय प्रबंधक संजय सोनी एवं प्राचार्या मनीता पोखरना उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती रेणु विजयवर्गीय द्वारा योग प्रेरणा गीत से की गई. उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए योग चक्र के माध्यम से स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवन में योग की भूमिका समझाई. विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए योग एकाग्रता, स्मरण शक्ति और अनुशासन विकसित करने का सबसे सरल एवं प्रभावी माध्यम है. विद्यालय प्रबंधक संजय सोनी एवं प्राचार्या मनीता पोखरना ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया.

### खराब स्वास्थ्य के बीच योग के लिए पहुंचे मंत्री पंवार को योग में आई परेशानी

**ब्यावरा 21 जून, का.** राजगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार बीते कुछ समय से अपने खराब स्वास्थ्य के बावजूद योग करने पहुंचे. लेकिन कुछ समय बाद वे असहज दिखाई दिए और योग पूर्ण नहीं कर पाए. वहां मौजूद सपोर्टिंग स्टाफ ने उन्हें उठाया और एक ओर रखे सोफे पर बैठाया जिससे उन्हें परेशानी ना हो. वे कुछ समय से टाईफाईड से संक्रमित है और इसी के चलते प्लेटलेट्स की कमीं के कारण कमजोरी महसूस कर रहे है. योग के दौरान अलग-अलग मुद्रा में आसन और क्रिया वे नहीं कर पाए और लड़खड़ा गए. राजगढ़ के स्टेडियम ग्राउंड में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार की तबीयत खराब हो गई. टाइफाइड से पीड़ित मंत्री योग नहीं कर सके. वे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के बीच जमीन पर बैठे रहे, लेकिन कुछ देर बाद कमजोरी महसूस होने पर स्टाफ ने उन्हें सहारा देकर उठाया.

#### खेद जताया, डॉक्टर ने आराम की सलाह दी

इधर मंत्री नारायण सिंह पंवार ने बताया कि वे कुछ समय से टाईफाईड से संक्रमित है. ईलाज जारी है और इसी के कारण प्लेटलेट्स भी कम आए है. लेकिन क्योंकि सार्वजनिक आयोजन था इसलिए आना जरूरी था. उन्हें योग पूरा नहीं कर पाने पर खेद जताया. कार्यक्रम खत्म होने के बाद एक और घटनाक्रम सामने आया. अचानक तेज हवा चलने लगी और कार्यक्रम स्थल पर लगाया गया आधा टेंट गिर गया. उस समय मंत्री पंवार, कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा और एसपी अमित तोलानी समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद थे. लोगों में अफरा तफरी देखी गई.

### योग दिवस पर किया मैराथन का आयोजन

**सारंगपुर 21 जून, सं.** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मास्टरमाइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा लेट्स रन मैराथन का आयोजन किया गया. जो कि विगत 8 वर्षों से करता आ रहा है. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों में स्वास्थ्य, फिटनेस तथा नियमित व्यायाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था. मैराथन का शुभारंभ प्रातः 6 बजे नया बस स्टैंड सारंगपुर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना की जो लगभग 8 किमी दौड़ कर पुनः नया बस स्टैंड पर सम्पन्न हुई. विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विद्यालय के प्राचार्य ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित दौड़ और योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक एकाग्रता एवं आत्मविश्वास में भी वृद्धि करते है. कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति-पत्र वितरित किया गया. इस दौरान संस्था प्रमुख सी.पी. पाटीदार, प्राचार्या श्रीमती रंजना सक्सेना, शिक्षिका श्वेता जोशी, हीरोजित हॉबीजम, विष्णु गोवा, राधेश्याम भिलाला, नवीन पाटीदार, रोहित वर्गेडिया, धर्मेंद्र सिंह डोडिया, वीरेंद्र पाटीदार, विजय मंडलोई, विकास पाटीदार सहित अन्य उपस्थिति थे.

## एक नजर में

### सरस्वती स्कूल में हुआ सामूहिक योगाभ्यास



**नरसिंहगढ़ 21 जून, सं.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय सरस्वती स्कूल में शनिवार को भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा उपस्थित रहे. उनके साथ जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया. कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक दीपेंद्र दास, अरुण शर्मा, राजेश शर्मा, मनीष चोपड़ा और अशोक शिवहरे के मार्गदर्शन में हुआ. प्रशिक्षकों ने उपस्थित जनसमुदाय को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया. साथ ही, योग के शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया. वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है. अंत में सभी प्रतिभागियों ने करें योग, रहें निरोग के संकल्प के साथ नियमित योगाभ्यास करने का प्रण लिया.

### राम जन्मोत्सव सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**छापीहेड़ा 21 जून, सं.** समीपस्थ ग्राम सिकंदरी में मां वैष्णो देवी मंदिर में चल रही श्री राम कथा के चौथे दिन जन्मोत्सव का आयोजन किया गया कथा का जन्मोत्सव की बधाई के साथ हुआ कथावाचक श्री प्रेमनारायण गुरु जी (भ्याना) वाले ने बताया कि भगवान के प्रकट होने पर देवताओं ने आकाश से पुष्प वर्षा की अयोध्या के नागरिक उनके दर्शन के लिए उमड़ पड़े. उन्होंने कहा कि परमात्मा को प्राप्त करने के लिए किसी बनावट या दिखावे की आवश्यकता नहीं है व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप में ही ईश्वर की ओर बढ़ना चाहिए. उन्होंने कहा कि हम आने वाली पीढ़ियों को केवल पैसे कमाने की मशीन बना रहे है. ऐसे बच्चे कभी अपने माता-पिता परिवार समाज और राष्ट्र का महत्व नहीं समझते. इस अवसर पर जितेन्द्र गुरु माचलपुर, वैष्णो देवी मंदिर पुजारी किशन दास वैष्णव, प्रमोद तिवारी, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विशालिया, संत भवनलाल, सरपंच प्रतिनिधि दौलतराम नागर, (सिकदरी) पूर्व सरपंच राधेश्याम नागर, अध्यापक रामचंद्र दांगी आदि उपस्थित थे.

### विधायक ने किया स्कूल का शुभारंभ

**छापीहेड़ा 21 जून, सं.** नगर में माँ सरस्वती एकेडमी विद्यालय का उद्घाटन खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा किया गया. विद्यालय की भव्य एवं आधुनिक भवन व्यवस्था, सुव्यवस्थित कक्षाओं तथा अनुभवी शिक्षकों को देखकर यह स्पष्ट होता है कि यह संस्थान नगर एवं क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात सिद्ध होगा. यह विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति देवबाई खटीक, नगर अध्यक्ष, निर्मल कुमार गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि ईश्वरसिंह तंवर, वरिष्ठ नेता विष्णु नागर, सुरेश दांगी, विजय गुप्ता सहित विद्यालय परिवार व गणमान्यजन उपस्थित रहे.

# बोर्ड परीक्षा और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कृत किया



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 21 जून, का.** शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वंशिका यादव सहित बोर्ड परीक्षाओं एवं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया. छात्रा वंशिका यादव ने इस सफलता का श्रेय इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा के समस्त शिक्षकों और माता पिता को दिया. स्कूल संचालक हरिओम दांगी ने कहा है कि हम निरंतर ईमानदारी से मेहनत करते है और हर बच्चे पर पूरा ध्यान देते है, विद्यार्थियों की सफलता हेतु, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और माता पिता का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण होता है.

### राम और कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया

**नरसिंहगढ़ 21 जून, सं.** मंदिर श्री जमात में भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान राम और कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया. पं.सच्चिदानंद शर्मा ने कहा कि सतयुग में भगवान राम आये जो मर्यादा और त्याग सिखाते है फिर द्वापर में भगवान कृष्ण आये जो कि निष्काम प्रेम सिखाते है. कथा के अंत मे सुंदर झाँकी बनाकर वासुदेव रूप में बालकृष्ण को अपने सिर पर रखकर व्यासपीठ पर लाते है. कथा में विधायक मोहन शर्मा, नपाध्यक्ष कविता वर्मा, पूर्व अध्यक्ष मंजुलता शिवहरे एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे.

### अल्टो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नवभारत न्यूज**


**ब्यावरा 21 जून, का.** भोपाल के रहने वाले एक बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. खुजनेर की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में बाइक सवार का पैर टूट गया और बाइक के परखच्चे उड़ गए. भोपाल के रहने वाले 42 साल के दिनेश पिता बापूलाल वर्मा शादी समारोह में शामिल होने के लिए सुस्तानी गांव जा रहे थे. रात करीब 8 बजे पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने पहुंचे. सामने से आ रही तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी.

# संस्कार एकेडमी में विश्व योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

**नवभारत न्यूज**

**पचोर 21 जून, सं. संस्कार एकेडमी में विश्व योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को योग के महत्व से अवगत कराया गया.**

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल एवं सीमा गोयल, चंदा गोयल समन्वयक इरशाद अहमद तथा कंवलप्रीत सिसोदिया की सक्रिय भूमिका रही. आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ी. योग सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक पंकज जाट ने किया.




खेल शिक्षक हंसराज गुर्जर, अर्जुन यादव, मानसी सिंह, हॉस्टल वार्डन सत्यनारायण शर्मा, परेड ट्रेनर विपिन भागवत एवं विजेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ का आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा. आयोजन योग के प्रति जागृति लाने का कार्य करेगा.

# सड़क के बीच उतरीं टहनियां बन रहीं हादसों का कारण

## जीरापुर-माचलपुर मार्ग पर लव-कुश चौराहे के पास लटकतीं टहनियां बनी परेशानी



**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 21 जून, सं. नगर के जीरापुर-माचलपुर सड़क मार्ग पर लव-कुश चौराहे से आगे सड़क के दोनों ओर लटकती पेड़ों की टहनियां दुर्घटना को न्योता दे रही हैं. सड़क पर भारी आवागमन में बना रहता है ऐसे में पेड़-पौधों के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है.**

यहां आमने-सामने के वाहनों के अलावा साइड से निकलने वाले वाहनों की हमेशा भरमार रहती है. तेज गति और लापरवाही से गुजरने वाले वाहनों की असावधानी कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है. यह सड़क मार्ग सोयत एवं बकानी दो मार्गों को जोड़ती है, जिससे यहां हमेशा आवागमन का दबाव बना रहता है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि साइडों पर मुरम से समतलीकरण कर दिया जाए और सड़क के नजदीक लटकने वाली टहनियों को काट दिया जाए तो आवागमन व्यवस्थित हो सकता है.

नगर परिषद में बात करके संबंधित विभाग की सीमा तय करवाकर टहनियों को हटवा दिया जाएगा.

**कमल सिंह सौलंकी, तहसीलदार**

जेसीबी या अन्य व्यवस्था करवाकर जनहित को ध्यान में रखकर पेड़ों की टहनियों को हटवा देंगे.

**देवनारायण दांगी, सीएमओ**

**बैठक** सौंधिया समाज की बैठक में दावा, बचत के पैसों को समाज शिक्षा और युवाओं के रोजगार में लगाएं

# सामूहिक विवाह सम्मेलनों से 15 करोड़ की बचत हुई

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़/ब्यावरा 21 जून, का. सामाजिक समरसता, आर्थिक बचत और संस्कारवान समाज के निर्माण की दिशा में लगातार सक्रिय अखिल भारतीय सौंधिया क्षत्रिय महासभा जिला राजगढ़ द्वारा शनिवार को ब्यावरा ब्लॉक के ग्राम सालरियाखेड़ी में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नारायण सिंह सालरियाखेड़ी ने की.**



बैठक में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए पदाधिकारियों ने भाग लेकर संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक अभियानों और बीते वर्ष के कार्यों की समीक्षा की. साथ ही समाज में पनप रही कई कुरीतियों पर विराम लगाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई जिनमें प्रमुखता मृत्यु भोज जैसे अभियान को और सक्रिय करते हुए इस पर पूरी तरह से विराम लगाने पर विस्तार से चर्चा की गई.

राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सिसोदिया ने बताया कि इस वर्ष आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 610 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ. यदि यही विवाह व्यक्तिगत रूप से किए जाते तो प्रत्येक परिवार को औसतन ढाई लाख रुपये अतिरिक्त खर्च करना पड़ता. इस प्रकार समाज के सामूहिक प्रयास से करीब 15 करोड़ रुपये की बचत हुई है. बचाई गई राशि का उपयोग परिवार अपनी बेटियों की शिक्षा, बच्चों के भविष्य और सामाजिक विकास में कर सकते हैं. प्रदेश कार्य समिति सदस्य जगदीश पंवार एवं जीरापुर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालू सिंह ने बैठक में मौजूद सभी समाज जनों से अपील करते हुए युवाओं की भूमिका, समाज में शिक्षा पर जोर दिया. प्रदेश महासचिव संजय सिंह पंवार ने कहा कि प्रशिक्षण और संवाद से ही संगठन मजबूत होता है. बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष लखन सिंह, कनीराम पंवार, होकम सिंह वकील साहब, जिला पंचायत सदस्य गंगाराम दोबड़ा के साथ ही जिलेभर के पदाधिकारियों और समाजजनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया.

### मऊ में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**पडाना 21 जून, सं.** रविवार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने एवं लोगों को मूत्र रोगों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वरदान हॉस्पिटल, शाजापुर द्वारा मऊ ग्राम में एक नि:शुल्क यूरोलॉजी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया.

शिविर में प्रोस्टेट, किडनी एवं मूत्राशय की पथरी तथा अन्य मूत्र रोगों से संबंधित समस्याओं के लिए मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया. शिविर में प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. अंकित चोयल ने लगभग 40 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया. डॉ. चोयल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रोस्टेट की समस्या, पेशाब में रुकावट, बार-बार पेशाब आना, किडनी स्टोन एवं मूत्र संक्रमण जैसी समस्याएं आम होती जा रही हैं, जिनका समय पर निदान एवं उपचार अत्यंत आवश्यक है. आयोजन में ग्राम पंचायत सरपंच रईस मंसूरी सहित, कुलभूषण मुकाती, नंदिनी एवं अंबालिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### संडावता में उत्साहपूर्वक मनाया गया योग दिवस

**संडावता 21 जून, सं.** पीएम श्री शासकीय विद्यालय में योग दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं पालकों ने उत्साहपूर्वक योग और प्राणायाम का अभ्यास किया. कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने उद्बोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर पंचायत सचिव गिरीश सेन, एबीवीपी अध्यक्ष दिलीप प्रजापति, प्राचार्य डॉ. महेश कुमार वर्मा, महेंद्र चौहान, संजय तिवारी, वी.एस. राठौर, हरिसिंह राठौर, शिक्षिका दिव्या मालवीय सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, पालकगण उपस्थित रहे.


बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्ध एवं
बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
राजगढ़ जिले का प्रथम अशासकीय विधि महाविद्यालय
निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय
शासन द्वारा प्राप्त सभी छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
विधि पाठ्यक्रम 2026-27
LLB 3 वर्षीय
B.A.LLB 5 वर्षीय
GNM 3 वर्षीय



प्रवेश एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से एवं सीएलसी राउंड द्वारा
पता : अभयपुर रोड, ग्राम कटारियाखेड़ी, तह. ब्यावरा जिला- राजगढ़
ऑफिस : 7440663447 मो. : 9425039231